ई–मेल / वाट्सएप

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
सीतापुर।

सेवा में,

मा. जनपद न्यायाधीश,
सीतापुर।

संख्या :647 / तेरह–सी.एफ.–77 / 2019–20 / दै.आ. / रा.लि. दिनांक 16 जुलाई, 2020

विषय :– जनपद न्यायालय परिसर, सीतापुर, वाह्य न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन), बिसवॉं, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), महमूदाबाद, ग्राम न्यायालय सिधौली के "कन्टेनमेंट जोन **(Containment Zone)** की स्थिति के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–156 / 2020 दिनांक 03.06.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा. उच्च न्यायालय से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय परिसर, सीतापुर, वाह्य न्यायालय, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), बिसवॉं, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), महमूदाबाद, ग्राम न्यायालय सिधौली के "कन्टेनमेंट जोन (Containment Zone) की स्थिति में है या नही तथा जनपद न्यायालय एवं वाह्य न्यायालय के खतरे के स्तर की स्थिति एवं कन्टेनमेंट जोन की स्थिति से सम्बन्धित आख्या प्रतिदिन 02 बजे तक उपलब्ध कराने हेतु अपेक्षा की गई है।

तत्क्रम में अवगत कराना है कि जनपद की तहसील मिश्रित के अर्न्तगत ग्राम जालेपारा मजरा घाघपुर, ग्राम इस्लामनगर एवं तहसील बिसवां के अर्न्तगत मोहल्ला मगरहिया, मोहल्ला झज्झर, मोहल्ला बदालपुरवा, मोहल्ला पठानी टोला, मोहल्ला चिड़ीमारी टोला, मोहल्ला थाना कोतवाली तहसील बिसवॉं व आस–पास के क्षेत्र (250 मीटर परिधि अन्तर्गत) **यथा–वाह्य न्यायालय, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) बिसवॉं,** ग्राम खम्भापुरवा विकास खण्ड व तहसील बिसवॉं, ग्राम पुरैनी तहसील बिसवॉं एवं तहसील सिधौली के अर्न्तगत मोहल्ला प्रेमनगर व आस–पास के क्षेत्र (250 मीटर परिधि अन्तर्गत), ग्राम पट्टी मजरा महोली तहसील सिधौली तथा तहसील सीतापुर के अन्तर्गत मोहल्ला शास्त्रीनगर, मोहल्ला निषाद नगर, मोहल्ला चौधरी टोला, मोहल्ला खूबपुर, मोहल्ला घूरामऊ बंगला, मुंशीगंज, विजयलक्ष्मी नगर, आलमनगर, सिविल लाइन व आस–पास के क्षेत्र (250 मीटर परिधि अन्तर्गत) व ग्राम बिनौरा, ग्राम रामकोट, विकास खण्ड खैराबाद, ग्राम लालपुर म. गौरिया, ग्राम हाता मजरा नऊवा महमूदपुर विकास खण्ड परसेण्डी, ग्राम अमीन नगर विकास खण्ड ऐलिया, तहसील सीतापुर, तहसील महोली के अर्न्तगत ग्राम दुर्गापुरवा निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार "कन्टेनमेंट जोन (Containment Zone) की स्थिति में चल रहा है।

जनपद के अन्य शेष स्थानो पर यथा–जनपद न्यायालय परिसर, सीतापुर, वाह्य न्यायालय, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) महमूदाबाद व ग्राम न्यायालय सिधौली "कन्टेनमेंट जोन (Containment Zone) में नहीं है।

कोविड–19 की वर्तमान में लागू गाइड लाइन का पालन कराया जा रहा है। तदनुसार वर्तमान मे अनलॉक–2.0 की गाइड लाइन के अन्तर्गत क्रियाकलाप जारी है।

तदनुसार आख्या सेवा में सूचनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

16/7

(विनय कुमार पाठक)
अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.)/
सीतापुर।

Seen
DISTRICT JUDGE
Sitapur (U.P.)
16/07/2020

संख्या तथा दिनांक समांक
प्रतिलिपि :–जिलाधिकारी महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.)/
सीतापुर।